[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, मंगलवार,09 जून 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 230, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**{अनमोल वचन}**

प्रत्येक शिशु एक संदेश लेकर आता है कि भगवान मनुष्य को लेकर हतोत्साहित नहीं है।

भीषण अंधड़-तूफान से ... 02

03 विधायक दल की बैठक में ....

# श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री ने शुरू की गिरिराज जी महाराज की सप्तकोसीय परिक्रमा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**डीग/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को ब्रजभूमि पहुंचकर डीग स्थित श्रीनाथजी मंदिर में सपत्नीक पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत मुख्यमंत्री ने श्रद्धालु के रूप में गोवर्धन गिरिराज जी महाराज की सप्तकोसीय परिक्रमा प्रारंभ कर आध्यात्मिक आस्था का परिचय दिया।

मुख्यमंत्री ने परिक्रमा प्रारंभ करने से पूर्व परंपरानुसार हृसात दंडवतीह्न लगाकर गिरिराज जी महाराज को नमन किया और ब्रज की पावन धरा पर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सप्तकोसीय परिक्रमा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री के परिक्रमा मार्ग पर पहुंचते ही श्रद्धालुओं, संत-महात्माओं एवं स्थानीय नागरिकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।






परिक्रमा के दौरान मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय नागरिकों ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने भी हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन स्वीकार किया तथा आत्मीयता के साथ रामा-श्यामा कर जनसंपर्क किया। इस दौरान पूरा परिक्रमा मार्ग हृबोलो गिरिराज महाराज की जयह्न के जयघोषों से गुंजायमान रहा और श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। ब्रज की धार्मिक परंपराओं और आस्था से जुड़े इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मुख्यमंत्री के साथ परिक्रमा मार्ग पर मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने परिक्रमा के दौरान प्रदेशवासियों की खुशहाली, समृद्धि और मंगलकामना के लिए प्रार्थना भी की।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के डीग पहुंचने पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पूंछरी का लौठा स्थित हेलीपेड पर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री की इस धार्मिक यात्रा को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण रहा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिक्रमा मार्ग पर दर्शन एवं स्वागत के लिए उपस्थित रहे।

## झालावाड़ जिले में बकानी थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: छह माह से फरार मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**झालावाड़।** बकानी थाना पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए छह माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी तक पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया। मामले में चोरी की गई मोटरसाइकिल पहले ही बरामद की जा चुकी है।



पुलिस के अनुसार 8 जनवरी 2026 को बकानी थाने में मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज हुआ था। परिवादी नंदलाल लोधा निवासी मोलक्या कलां ने रिपोर्ट में बताया था कि 19 दिसंबर 2025 को वह अपने खेत पर गया था और अपनी मोटरसाइकिल आरजे 17 एसजे 0960 एचएफ डीलक्स सड़क किनारे खड़ी कर खेत में काम करने चला गया। वापस लौटने पर मोटरसाइकिल गायब मिली। बाद में जानकारी मिली कि रामबाबू नामक व्यक्ति मोटरसाइकिल लेकर जाता दिखाई दिया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने लगातार तकनीकी विश्लेषण एवं सूचना संकलन किया। जांच में सामने आया कि आरोपी रामबाबू पुत्र बालचंद निवासी देवडूंगरी, थाना रटलाई, जिला झालावाड़ गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था। इसके बावजूद पुलिस ने उसकी गतिविधियों पर नजर रखते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी पिछले छह माह से फरार चल रहा था। आरोपी से पूछताछ जारी है तथा उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। जिले में वाहन चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है।

## राजसमंद में जिला स्तरीय आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** जिले में संभावित बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने जिला मुख्यालय पर आपदा नियंत्रण कक्ष (ईओसी) स्थापित किया है। यह नियंत्रण कक्ष जिला कलेक्टर कार्यालय के कक्ष संख्या 211 में संचालित होगा। जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के निर्देशानुसार स्थापित नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 02952-222585 निर्धारित किया गया है। इसके माध्यम से आपदा संबंधी सूचनाओं का संकलन, राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय किया जाएगा। उपखंड अधिकारी राजसमंद बृजेश गुप्ता को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी तथा तहसीलदार पुष्पेन्द्र सिंह कितावत को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रशासन ने आपदा प्रबंधन को लेकर सभी विभागों को सतर्क रहने एवं किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## होमबायर्स धोखाधड़ी मामले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, बिल्डर कंपनी और निदेशक के खिलाफ 11वीं चार्जशीट दाखिल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने होमबायर्स से कथित धोखाधड़ी के एक और मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुग्राम स्थित आवासीय परियोजना से जुड़े प्रकरण में नाइनेक्स डेवलपर्स लिमिटेड और उसके एक निदेशक के खिलाफ 11वीं चार्जशीट दाखिल की है। सीबीआई जांच में सामने आया कि आरोपी बिल्डर कंपनी और उसके निदेशक ने कथित रूप से आपराधिक षड्यंत्र रचकर घर खरीदारों एवं निवेशकों को आकर्षक वादों, भ्रामक जानकारी और झूठे आश्वासनों के माध्यम से निवेश के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उनसे प्राप्त धनराशि का दुरुपयोग कर अनुचित आर्थिक लाभ अर्जित किया गया, जिससे बड़ी संख्या में निवेशकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर सीबीआई ने सक्षम न्यायालय में भारतीय दंड संहिता की आपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी और आपराधिक न्यासभंग से संबंधित धाराओं के तहत आरोप पत्र प्रस्तुत किया है। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार यह मामला सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद दर्ज उन मामलों की श्रृंखला का हिस्सा है, जिनमें विभिन्न बिल्डर कंपनियों एवं वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों पर होमबायर्स के साथ धोखाधड़ी और धन के कथित दुरुपयोग के आरोपों की जांच की जा रही है। एजेंसी वर्तमान में देशभर में ऐसे 50 मामलों की जांच कर रही है।




गौरतलब है कि इससे पूर्व सीबीआई विभिन्न बिल्डर कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ 10 चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इनमें कई प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियां तथा कुछ बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के अधिकारी भी जांच के दायरे में आए हैं।

सीबीआई ने स्पष्ट किया है कि आम नागरिकों से जुड़े आर्थिक अपराधों और धोखाधड़ी के मामलों में दोषियों को कानून के दायरे में लाने तथा होमबायर्स के हितों की रक्षा के लिए एजेंसी निष्पक्ष और प्रभावी जांच जारी रखे हुए है।

### प्रतापनगर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 10 साल से फरार 15 हजार रुपये का इनामी आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भीलवाड़ा।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए वर्ष 2016 के लूट एवं हत्या के प्रयास के चर्चित मामले में पिछले 10 वर्षों से फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी एवं धारा 173(8) सीआरपीसी में लंबित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ लंबे समय से गिरफ्तारी वारंट जारी था। जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पारस जैन एवं वृत्ताधिकारी शहर सज्जन सिंह के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी सुनील ताड़ा के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।




पुलिस के अनुसार 18 फरवरी 2016 को इंडसइंड बैंक के कैशियर रविराज सिंह एवं उनके साथी कर्मचारी रामलाल बैंक की गांधीनगर शाखा से करीब 24 लाख 33 हजार 800 रुपये नकद लेकर मुख्य शाखा में जमा कराने जा रहे थे। इसी दौरान तीन बदमाशों ने बैग लूटने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी, जिसमें सुरक्षा गार्ड रामलाल घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी नकदी लूटकर फरार हो गए थे।

मामले में पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि मुख्य आरोपी अशोक कुमार चौहान उर्फ पप्पू पुत्र उदयवीर सिंह चौहान, उम्र 49 वर्ष, निवासी अग्रवाल मोहल्ला, मैनपुरी, उत्तर प्रदेश, हाल मिजार्पुर सैटेलाइट कॉलोनी, थाना तेजाजी नगर, जिला इंदौर (मध्य प्रदेश) घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पूर्व में सेना में नौकरी कर चुका है तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर मैनपुरी, भिंड, ग्वालियर, इंदौर, धार, राजगढ़, अलीराजपुर एवं मेघनगर सहित कई स्थानों पर तलाश की। लगातार निगरानी के बाद आरोपी को इंदौर में एक कच्ची झोपड़ी से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी इंदौर में आलीशान मकान और लग्जरी वाहन का उपयोग करता था, लेकिन पहचान छिपाने के लिए झोपड़ी में रह रहा था।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी सुनील ताड़ा, सहायक उप निरीक्षक गोविन्द सिंह, कांस्टेबल सुरेन्द्र तथा साइबर सेल के कांस्टेबल पिंटू कुमार की विशेष भूमिका रही। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## आकोला थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 6 माह से फरार हिस्ट्रीशीटर स्थाई वारंटी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**चित्तौड़गढ़।** ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत आकोला थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास, फिरौती, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट एवं पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न गंभीर मामलों में वांछित 6 माह से फरार स्थाई गिरफ्तारी वारंटी एवं हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध विभिन्न थानों में कुल 20 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा एवं वृत्ताधिकारी कपासन हरजी लाल यादव के सुपरविजन में आकोला थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की।




थाना प्रभारी एएसआई चन्दन सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना के प्रकरण में सजायाफ्ता एवं 6 माह से फरार स्थाई वारंटी देवीलाल उर्फ देवा गाडरी पुत्र नारायण लाल, उम्र 36 वर्ष, निवासी जैवाणा, पुलिस थाना फतेहनगर, जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी फतेहनगर थाना क्षेत्र का सक्रिय हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरुद्ध हत्या के प्रयास, फिरौती, अपहरण, बलवा, मारपीट, पोक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट तथा न्यायिक अभिरक्षा से फरार होने सहित विभिन्न अपराधों के कुल 20 मामले दर्ज हैं। इनमें फतेहनगर थाना के 11, रेलमगरा थाना के 3, केलवा थाना के 2, नाथद्वारा थाना के 2, आकोला थाना का 1 तथा मावली थाना का 1 प्रकरण शामिल है।

इस कार्रवाई में एएसआई चन्दन सिंह, कांस्टेबल कैलाशचन्द्र, पारस मल, अनिल एवं सुरेशचन्द्र की विशेष भूमिका रही। पुलिस द्वारा आरोपी से संबंधित अन्य मामलों में भी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## उज्जैन जिले में थाना खाचरौद की बड़ी कार्रवाई: 53 किलो डोडाचूरा व 608 ग्राम अफीम सहित कार जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उज्जैन।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना खाचरौद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 53.030 किलोग्राम डोडाचूरा, 608 ग्राम अफीम, तस्करी में प्रयुक्त कार, मोबाइल फोन एवं नकदी जब्त कर दो आरोपियों और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। मामले में एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 7 जून को नागदा-जावरा रोड स्थित फनार्खेड़ी फंटा क्षेत्र में गश्त के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल चालक पुलिस को देखकर भाग गया। कुछ देर बाद फनार्जी की ओर से आ रही एक कार को घेराबंदी कर रोका गया। कार में सवार दो युवक एवं एक युवती संदिग्ध पाए गए। तलाशी के दौरान वोल्सवैगन कार से 53.030 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा तथा 608 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान बबलू पुत्र गोपाल निवासी खजुरिया सारंग, जिला मंदसौर तथा कृष्णपाल पुत्र अशोक निवासी हतुनिया, जिला मंदसौर के रूप में बताई। एक बाल अपचारी को भी डिटेन किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि एक अन्य आरोपी प्रदीप पांचाल निवासी



बड़ावदा मोटरसाइकिल से आगे चलकर रेकी कर रहा था, जो पुलिस कार्रवाई से पहले फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मादक पदार्थों के अलावा वोल्सवैगन कार, दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन और 1,320 रुपये नकद जब्त किए हैं। जब्त मशरूका की कुल अनुमानित कीमत 14 लाख 1 हजार 320 रुपये आंकी गई है, जबकि बरामद मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 8 लाख रुपये बताई गई है। मामले में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 13 जून 2026 तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस मादक पदार्थ तस्करी के पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### जयपुर शहर में इंटरनेट सेवाएं पुन: बहाल

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** जयपुर शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति सामान्य होने के बाद इंटरनेट सेवाएं पुनः बहाल कर दी गई हैं।

संभागीय आयुक्त वी. सरवण कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार पुलिस आयुक्तालय जयपुर से प्राप्त रिपोर्ट में वर्तमान परिस्थितियों में इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध बनाए रखने की आवश्यकता नहीं पाई गई। इसके बाद पूर्व में जारी अस्थायी निलंबन आदेश में संशोधन करते हुए इंटरनेट सेवाओं को तत्काल प्रभाव से शुरू कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि जयपुर विकास प्राधिकरण की प्रस्तावित अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुछ थाना क्षेत्रों में मोबाइल इंटरनेट एवं सोशल मीडिया सेवाओं पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया था।

पुलिस प्रशासन द्वारा स्थिति की समीक्षा के बाद क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था सामान्य पाए जाने पर इंटरनेट सेवाओं को बहाल करने का निर्णय लिया गया। प्रशासन ने आमजन से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

### पीएम श्री योजना के तहत राजस्थान को 226.38 करोड़ रुपये की स्वीकृति

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** भारत सरकार की पीएम श्री योजना के अंतर्गत वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2026-27 के लिए राजस्थान को 226.38 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह राशि राज्य के 649 पीएम श्री विद्यालयों के लिए मंजूर की गई है।

दिल्ली में आयोजित प्रोजेक्ट एप्रूवल बोर्ड (पीएबी) बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा सहित विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। योजना के तहत राज्य को आवर्ती मद में 215.72 करोड़ रुपये तथा अनावर्ती मद में 10.66 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। आवर्ती मद में प्राप्त राशि सत्र 2023-24 से अब तक की सर्वाधिक स्वीकृत राशि है।

योजना के तहत 52 नवाचार गतिविधियों को भी मंजूरी दी गई है। इनमें ट्विनिंग ऑफ स्कूल, पर्सनलाइज्ड एडैप्टिव लर्निंग (पीएएल), कक्षा 6 से 12 तक उपचारात्मक शिक्षण, ओलंपियाड, स्वच्छता गतिविधियां और एक्सपोजर विजिट जैसी पहल शामिल हैं। इसके अलावा सभी पीएम श्री विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश के दौरान समर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।

### सलूंबर जिले में धारोद बाईपास हादसे के बाद प्रशासन सख्त, पीडब्ल्यूडी के तीन अधिकारियों को चार्जशीट

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** धारोद बाईपास के समीप सड़क किनारे पड़े पेड़ से टकराने के कारण हुए सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए लोक निर्माण विभाग के तीन अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. के निर्देश पर संबंधित एईएन, जेईएन एवं एक्सईएन को कारण बताओ नोटिस जारी कर चार्जशीट दी गई है। घटना के बाद जिला कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों तथा परिजनों से संवाद कर उनकी मांगों को सुना। प्रशासन ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। जिला कलेक्टर ने कहा कि आमजन की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सलूंबर जिले में उचित मूल्य दुकानों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** जिले में रिक्त एवं नवसृजित उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जून 2026 कर दी गई है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि अपेक्षित संख्या में आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। पूर्व में आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 3 जून निर्धारित थी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क जमा कर आवेदन प्राप्त कर 15 जून तक जमा करा सकेंगे। विज्ञप्ति की अन्य सभी शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी।

# भीषण अंधड़-तूफान से अजमेर डिस्कॉम को 2 करोड़ से अधिक का नुकसान, 499 गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**अजमेर।** 7 जून की रात आए भीषण अंधड़ एवं तूफान ने अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (अजमेर डिस्कॉम) के विद्युत तंत्र को भारी क्षति पहुंचाई है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार निगम क्षेत्र में 1330 विद्युत पोल, 45 डीपी सेट, 74 वितरण ट्रांसफार्मर तथा कई किलोमीटर लंबी विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इस प्राकृतिक आपदा से निगम को दो करोड़ रुपये से अधिक का अनुमानित नुकसान हुआ है, जबकि 499 गांवों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई।

अजमेर डिस्कॉम के अनुसार तूफान के कारण 33 केवी के 46 पोल, 11 केवी के 664 पोल, 620 एलटी पोल, 45 डीपी सेट, 34.9 किलोमीटर 11 केवी लाइन तथा 2.6 किलोमीटर 33 केवी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इसके अलावा 74 वितरण ट्रांसफार्मर भी प्रभावित हुए, जिससे कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। सर्किलवार स्थिति में सबसे अधिक नुकसान नागौर सर्किल में दर्ज किया गया, जहां 261 गांव प्रभावित हुए। यहां 32 पोल (33 केवी), 350 पोल (11 केवी), 331 एलटी पोल, 13.3 किलोमीटर 11 केवी लाइन, 2.5 किलोमीटर 33 केवी लाइन तथा एक वितरण








ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुआ। डीडवाना-कुचामन सर्किल में 89 गांव, अजमेर सर्किल में 65 गांव, चित्तौड़गढ़ सर्किल में 38 गांव, डूंगरपुर सर्किल में 16 गांव, झुंझुनूं सर्किल में 16 गांव, उदयपुर सर्किल में 13 गांव तथा भीलवाड़ा सर्किल में एक गांव प्रभावित हुआ।

प्रबंध निदेशक के.पी. वर्मा ने बताया कि अंधड़-तूफान के बाद निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी युद्धस्तर पर बहाली कार्य में जुट गए। क्षतिग्रस्त लगभग समस्त 33 केवी एवं 11 केवी विद्युत नेटवर्क को पुनः चालू कर दिया गया है तथा शेष क्षेत्रों में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रभावित इलाकों में विद्युत आपूर्ति को चरणबद्ध तरीके से बहाल किया जा रहा है। इसके लिए अतिरिक्त तकनीकी कर्मचारियों, वाहनों एवं आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की गई है। निगम की टीमें लगातार फील्ड में कार्य कर रही हैं ताकि शेष प्रभावित क्षेत्रों में भी जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति सामान्य की जा सके।

अजमेर डिस्कॉम ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन, पोल या अन्य विद्युत उपकरण के संपर्क में आने से बचें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल विभाग को दें।

## खबर संक्षेप

### छह उचित मूल्य दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन आमंत्रित

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले की रिक्त एवं नवसृजित छह उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला प्रशासन के अनुसार लोदा, झाड़ोल, नाकोली, पारई, देवपुरा एवं भालडिया क्षेत्रों की उचित मूल्य दुकानों के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। इनमें कुछ दुकानें अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जनजाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित हैं। आवेदन पत्र जिला रसद अधिकारी कार्यालय से 100 रुपये शुल्क जमा कर प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 जून 2026 निर्धारित की गई है।

### 11 जून को आयोजित होंगे शिविर एवं जनसुनवाई

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 11 जून को अटल जन सेवा शिविर एवं ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने सभी विभागों को आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. ब्लॉक सलूंबर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में जुड़ेंगे। जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने अधिकाधिक लोगों से शिविर में भाग लेने की अपील की है।

### जनरल सर्जरी विषय के साक्षात्कार हेतु सूची जारी

**अजमेर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक आचार्य (चिकित्सा शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के अंतर्गत जनरल सर्जरी विषय के साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। आयोग के अनुसार पात्रता जांच के बाद 77 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया है। विस्तृत जानकारी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### विज्ञान विषय के सत्यापन हेतु सूची जारी

**अजमेर @ पदमावत मीडिया। अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के विज्ञान विषय की मुख्य चयन सूची जारी कर दी है। आयोग सचिव ने बताया कि पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद विज्ञापित पदों के विरुद्ध 147 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है।

### अनियमितता के मामले में आबकारी विभाग के तीन कार्मिक निलंबित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** आबकारी विभाग ने अनियमितता के एक प्रकरण में सख्त कार्रवाई करते हुए तीन कार्मिकों को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई सीकर स्थित राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स के डिपो में सामने आई अनियमितताओं के मामले में की गई है। आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने आरएसजीएसएम महाप्रबंधक जयपुर की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करते हुए नवीन कुमार, नाहर सिंह एवं दुर्गाप्रसाद गुर्जर को निलंबित किया है। तीनों कार्मिक सीकर स्थित मदिरालय से संबंधित पदों पर कार्यरत थे।

विभागीय आदेश के अनुसार निलंबन अवधि के दौरान तीनों कार्मिकों का मुख्यालय उदयपुर निर्धारित किया गया है। आबकारी विभाग ने मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी है।

### कलेक्टर ने विकास कार्यों और बजट घोषणाओं की समीक्षा की

**नागौर @ पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, बजट घोषणाओं और विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्वीकृत कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सड़क, रेलवे अंडरब्रिज एवं ओवरब्रिज निर्माण कार्यों, जिला उत्थान योजना, पंच गौरव कार्यक्रम तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत अधिकाधिक पौधारोपण एवं पौधों के संरक्षण के निर्देश देते हुए स्वच्छ भारत मिशन, स्वामित्व योजना और अन्य फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।

# सफलता का वास्तविक अर्थ केवल स्वयं आगे बढ़ना नहीं, दूसरों को भी साथ लेकर चलना है



संदीप कोठारी
उदयपुर
@padmavatmedia.in

आज के दौर में सफलता को अक्सर धन, पद और प्रतिष्ठा से जोड़ा जाता है, लेकिन मेरा मानना है कि सफलता का वास्तविक अर्थ केवल स्वयं आगे बढ़ना नहीं, बल्कि अपने साथ समाज को भी आगे बढ़ाना है। जिस व्यक्ति की उपलब्धियों से दूसरों का जीवन बेहतर बने, वही वास्तव में सफल कहलाने का अधिकारी है।

हम ऐसे समय में जी रहे हैं जहां लोगों के पास संसाधन बढ़ रहे हैं, लेकिन आपसी संबंध और सामाजिक संवेदनाएं कहीं न कहीं कमजोर होती दिखाई दे रही हैं। ऐसे में समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना हम सभी का कर्तव्य है।

विशेष रूप से युवाओं के पास ऊर्जा, उत्साह और नए विचारों की शक्ति है। यदि युवा केवल व्यक्तिगत लाभ तक सीमित न रहकर समाजहित के कार्यों में भी योगदान दें तो अनेक सकारात्मक परिवर्तन संभव हैं। किसी जरूरतमंद की मदद करना, शिक्षा को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना या सामाजिक सद्भाव बनाए रखने में सहयोग देना भी राष्ट्रसेवा का ही एक रूप है।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि समाज से ही हमारी पहचान बनती है। इसलिए समाज को लौटाना भी हमारी जिम्मेदारी है। छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव का कारण बन सकते हैं। जरूरत केवल सकारात्मक सोच और सेवा भाव की है। आइए, हम सभी यह संकल्प लें कि अपने जीवन में सफलता के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी को भी महत्व देंगे। क्योंकि अंततः लोगों को हमारे पद या संपत्ति नहीं, बल्कि हमारे अच्छे कार्य और व्यवहार ही याद रहते हैं।

## एसीबी की बड़ी कार्रवाई: जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के बदले रिश्वत लेने वाला नगर पालिका कर्मचारी रंगे हाथ गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**अमरेली/गुजरात।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बाबरा नगर पालिका के एक कर्मचारी को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने प्रमाण पत्र निकालने के बदले 5 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी, जो बाद में 4 हजार रुपये में तय हुई। एसीबी के अनुसार आरोपी ननुभाई मामैयाभाई गमारा, उम्र 54 वर्ष, पद जूनियर क्लर्क, बाबरा नगर पालिका तथा प्रभारी सब रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु), बाबरा, जिला अमरेली ने परिवादी के मित्र की पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के बदले रिश्वत की मांग की थी। परिवादी रिश्वत देना नहीं चाहता था, इसलिए उसने अमरेली एसीबी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने ट्रैप की योजना बनाई। 8 जून 2026 को बाबरा बायपास स्थित ठाकरघणी होटल के पास आयोजित ट्रैप के दौरान आरोपी ने परिवादी से 4 हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर राशि स्वीकार कर ली। इसके तुरंत बाद एसीबी टीम ने आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 4 हजार रुपये की रिश्वत राशि भी बरामद कर ली गई।

## पुलिस थाना राजतलाब की बड़ी कार्रवाई:

### शहर में मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 02 आरोपी गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

बांसवाड़ा । जिले के पुलिस थाना राजतलाब ने शहर क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का त्वरित खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक बांसवाड़ा सुधीर जोशी के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह भाटी एवं पुलिस उप अधीक्षक वृत्त बांसवाड़ा गोपीचंद मीणा के सुपरविजन में उप निरीक्षक गंगाराम के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार 4 जून 2026 को प्रार्थी दिनेश कलासुआ पुत्र ओकमा कलासुआ, उम्र 32 वर्ष, निवासी हड़मतिया थाना सदर जिला बांसवाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सेनेट्री कार्य के लिए हुसैनी चौक स्थित काली कल्याण धाम बांसवाड़ा आया था। इस दौरान उसकी मोटरसाइकिल आरजे 03 डीएस 1510 अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस थाना राजतलाब में प्रकरण संख्या 116/2026 धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। अनुसंधान के दौरान मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर संदिग्धों की तलाश की गई। पुलिस टीम ने रेहान मोहम्मद उर्फ टेपा पुत्र शाबीर मोहम्मद, उम्र 20 वर्ष, निवासी शेर विलास डूंगरी सरगड़ावाड़ा थाना राजतलाब जिला बांसवाड़ा तथा निजाम खान पुत्र शाहरूख खान, उम्र 20 वर्ष, निवासी गोरख इमली हाल हुसैनी चौक मंडिया थाना राजतलाब जिला बांसवाड़ा को डिटेन कर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात करना स्वीकार कर लिया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। मामले में आरोपियों के अन्य साथियों तथा अन्य संभावित चोरी की वारदातों के संबंध में अनुसंधान जारी है।

गिरफ्तार आरोपीः रेहान मोहम्मद उर्फ टेपा पुत्र शाबीर मोहम्मद निवासी शेर विलास डूंगरी सरगड़ावाड़ा थाना राजतलाब जिला बांसवाड़ा तथा निजाम खान पुत्र शाहरूख खान निवासी गोरख इमली हाल हुसैनी चौक मंडिया थाना राजतलाब जिला बांसवाड़ा।

इस कार्रवाई में उप निरीक्षक गंगाराम, सहायक उप निरीक्षक देवीलाल पाण्डोर, हेड कांस्टेबल सूर्यसिंह तथा कांस्टेबल जिग्नेश, दिलीप कुमार और कमलेश शामिल थे।

## मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा, जिला कलक्टर ने दिए सख्त निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** आगामी मानसून सत्र 2026 एवं संभावित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक सोमवार को जिला कलक्टर एवं प्राधिकरण अध्यक्ष संदेश नायक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर संदेश नायक ने कहा कि मानसून के दौरान आमजन की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करने तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में नगर निगम को जयपुर शहर की सीवर लाइनों एवं छोटे-बड़े नालों की तत्काल सफाई कराने तथा संबंधित अधिशासी एवं सहायक अभियंताओं से उसका प्रमाणीकरण करवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को टीम गठित कर सफाई कार्यों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा गया।




जिला कलक्टर ने जिले के सभी पुराने एवं जर्जर विद्यालय भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा निजी जीर्ण-शीर्ण भवनों का निरीक्षण कर चिन्हीकरण करने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां फॉगिंग एवं एंटी लार्वा गतिविधियां संचालित करने के निर्देश भी संबंधित निकायों को दिए।

उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को मानसून के दौरान स्वच्छ पेयजल आपूर्ति बनाए रखने तथा जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही वर्षा के दौरान पेयजल लाइनों में दूषित जल की आपूर्ति रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरतने को कहा। विद्युत विभाग को मानसून से पूर्व ढीले तारों को दुरुस्त करने, जमीन पर रखे ट्रांसफार्मरों को ऊंचाई पर स्थापित करने तथा उनके चारों ओर सुरक्षा अवरोधक लगाने के निर्देश दिए गए। वहीं जल संसाधन विभाग को तालाबों, बांधों एवं जलाशयों की निगरानी तथा आवश्यक मरम्मत कार्य समय पर पूर्ण करने को कहा गया। राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर नदी-नालों के बहाव क्षेत्रों में स्थित रपटों एवं पुलों पर चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मानसून के दौरान जलजनित रोगों एवं मलेरिया की रोकथाम के लिए पर्याप्त दवाइयों एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। पशुपालन विभाग को पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए टीकाकरण एवं जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

जिला रसद अधिकारी को आपातकालीन परिस्थितियों के मद्देनजर रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल, केरोसीन एवं खाद्य सामग्री का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं नागरिक सुरक्षा विभाग को बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों के लिए प्रशिक्षित तैराकों, गोताखोरों एवं रेस्क्यू स्वयंसेवकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर जयपुर दक्षिण युगांतर शर्मा सहित नगर निगम, जयपुर विकास प्राधिकरण, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर विद्युत वितरण निगम, जल संसाधन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, पुलिस विभाग, एसडीआरएफ, गृह रक्षा विभाग, रेलवे, जयपुर मेट्रो, शिक्षा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रतापगढ़ जिले में ऑपरेशन त्रिनेत्र की बड़ी कार्रवाई: कुख्यात ड्रग तस्कर की 80 लाख रुपये की संपत्ति फ्रीज

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़।** जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रतापगढ़ पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात तस्कर असद इकबाल की करीब 80 लाख रुपये मूल्य की अवैध संपत्ति फ्रीज कर दी है। कार्रवाई के तहत तस्कर की आलीशान कोठी और कार पर कानूनी रूप से फ्रीजिंग आदेश लागू कर दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी असद इकबाल पुत्र मुमताज शाह निवासी पानमोडी, थाना रठांजना, जिला प्रतापगढ़ को दिसंबर 2024 में मध्यप्रदेश के नीमच कैंट थाना पुलिस ने 2 किलो 800 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेजा गया था।

मामले के बाद प्रतापगढ़ पुलिस ने आरोपी की आर्थिक गतिविधियों और संपत्तियों की गहन जांच की। जांच में सामने आया कि आरोपी लंबे समय से अफीम और डोडा-चूरा की अंतरराज्यीय तस्करी में लिप्त था तथा अवैध कमाई से उसने अपने गांव पानमोडी में लगभग 70 लाख रुपये की लागत से



आलीशान कोठी का निर्माण कराया था। इसके अलावा उसके नाम पर करीब 10 लाख रुपये मूल्य की एक मारुति विटारा ब्रेजा कार भी पाई गई। पुलिस द्वारा तैयार प्रस्ताव पर नई दिल्ली स्थित सक्षम प्राधिकारी एवं एडमिनिस्ट्रेटर सफेमा एवं एनडीपीएस एक्ट ने कार्रवाई को स्वीकृति प्रदान की। इसके बाद पुलिस टीम ने गांव पानमोडी पहुंचकर आरोपी के मकान एवं कार पर संपत्ति फ्रीजिंग के बोर्ड लगाकर नोटिस चस्पा किए। अब उक्त संपत्तियों का विक्रय, हस्तांतरण अथवा अन्य किसी प्रकार का उपयोग कानूनी अनुमति के बिना नहीं किया जा सकेगा।

पुलिस के अनुसार आरोपी असद इकबाल एक आदतन मादक पदार्थ तस्कर है, जिसके खिलाफ राजस्थान और मध्यप्रदेश में एनडीपीएस एक्ट के आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई जारी है।

## पुलिस थाना बाघपुरा की कार्रवाई: जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, एक बाल अपचारी डिटेन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर ।** जिले के पुलिस थाना बाघपुरा ने जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक बाल अपचारी को डिटेन किया गया है। मामले में एक अन्य वांछित आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 18 मई 2026 को प्रार्थी रमेश पुत्र दीताजी निवासी नीचली गोरण ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 मई 2026 को उसके पुत्र जगदीश के साथ आरोपी सूरजमल एवं दो अन्य व्यक्तियों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस थाना बाघपुरा में प्रकरण संख्या 77/2026 धारा 126(2), 115(2), 110 एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल तथा वृत्ताधिकारी झाड़ोल विवेक सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी वेलाराम के नेतृत्व में गठित टीम ने आसूचना एवं तकनीकी सहयोग के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सूरजमल पुत्र प्रकाशचन्द्र निवासी नीचली गोरण को गिरफ्तार किया तथा एक बाल अपचारी को डिटेन किया।

गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया है। वहीं डिटेन किए गए बाल अपचारी को किशोर न्याय बोर्ड के आदेशानुसार बाल सम्प्रेषण गृह में जमा कराया गया। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है तथा शेष वांछित आरोपी की तलाश की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपीः सूरजमल पुत्र प्रकाशचन्द्र निवासी नीचली गोरण, थाना बाघपुरा, जिला उदयपुर।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी वेलाराम, सहायक उप निरीक्षक योगेश नागदा तथा कांस्टेबल महेन्द्र सिंह और अरविन्द के साथ साइबर सेल उदयपुर से कांस्टेबल लोकेश रायकवाल शामिल थे।

# विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री का आह्वान, डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाने पर दिया जोर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में अभूतपूर्व विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों को आमजन तक पहुंचाना जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं का महत्वपूर्ण दायित्व है।

सोमवार को राजस्थान विधानसभा की हां पक्ष लॉबी में आयोजित विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. सतीश पूनिया एवं डॉ. अल्का गुर्जर के अनुभव का लाभ अब राजस्थान के साथ-साथ देश को भी मिलेगा। उन्होंने दोनों नेताओं को राज्यसभा के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका उच्च सदन में जाना प्रदेश के लिए गौरव की बात है।





मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास, जल संरक्षण और जनकल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। ग्राम विकास रथ एवं ग्राम विकास चौपाल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के जरिए जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दिया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 5 जून से 21 जून तक ह्य12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण केह्व अभियान संचालित किया जा रहा है। इस दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, कार्यशालाएं, सेमीनार, जनजागरूकता कार्यक्रम तथा धार्मिक स्थलों पर विशेष आयोजन कर विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से इन कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

बैठक के उपरांत राज्यसभा प्रत्याशी डॉ. सतीश पूनिया और डॉ. अल्का गुर्जर ने रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, भाजपा संगठन महामंत्री अजेय कुमार सहित अनेक विधायक एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राजस्थान पुलिस का महा अभियान: एक ही दिन में 9,523 वाहनों पर कार्रवाई, अवैध हूटर-बत्ती और काली फिल्म वालों पर कसा शिकंजा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निदेर्शानुसार राजस्थान पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा अवैध हूटर, लाल-नीली बत्ती, काली फिल्म एवं नियम विरुद्ध नंबर प्लेट लगाने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को प्रदेशभर में बड़ी कार्रवाई की गई। अवकाश के दिन भी पुलिस टीमों ने सघन नाकेबंदी और विशेष जांच अभियान चलाते हुए एक ही दिन में 9,523 वाहनों के विरुद्ध दंडात्मक एवं विधिक कार्रवाई की।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (यातायात) डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि डीजी ट्रैफिक अनिल पालीवाल के पर्यवेक्षण में चल रहे अभियान के सातवें दिन सबसे अधिक कार्रवाई वाहनों पर अवैध रूप से लगाई गई काली फिल्म और नियम विरुद्ध नंबर प्लेटों के खिलाफ की गई।

कार्रवाई के दौरान 3,491 वाहनों पर काली फिल्म, 2,643 वाहनों पर नियम विरुद्ध नंबर प्लेट, 1,313 वाहनों पर अनाधिकृत शब्द, चिन्ह एवं लेखन, 811 वाहनों पर अवैध बॉडी मॉडिफिकेशन, 741 वाहनों पर अनाधिकृत लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर, स्ट्रोब लाइट एवं हूटर तथा 524 वाहनों पर प्रेशर हॉर्न एवं एयर हॉर्न लगाने के मामले में कार्रवाई की गई।





### कोटा रहा प्रदेश में अव्वल

अभियान के दौरान कोटा शहर पुलिस ने सर्वाधिक 830 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। इनमें 117 अवैध बॉडी मॉडिफिकेशन, 379 नियम विरुद्ध नंबर प्लेट तथा 78 काली फिल्म के मामले शामिल रहे। वहीं बूंदी पुलिस ने 459 वाहनों पर कार्रवाई की, जिनमें 101 मामले अवैध बत्ती एवं फ्लैशर के थे। अजमेर पुलिस ने भी 570 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर सख्ती दिखाई।

### जयपुर कमिश्नरेट में 450 वाहनों पर कार्रवाई

जयपुर कमिश्नरेट में ट्रैफिक पुलिस ने 275 काली फिल्म एवं 84 नियम विरुद्ध नंबर प्लेट के मामलों सहित कुल 450 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। इसके अतिरिक्त जयपुर उत्तर में 30, जयपुर दक्षिण में 91, जयपुर पूर्व में 60 तथा जयपुर पश्चिम में 10 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई दर्ज की गई।

जयपुर संभाग में नवगठित कोटपूतली-बहरोड़ जिला सबसे आगे रहा, जहां 372 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें 189 मामले दोषपूर्ण नंबर प्लेटों के पाए गए। वहीं अलवर में 37, भिवाड़ी में 88, दौसा में 112 तथा जयपुर ग्रामीण में 98 वाहनों के खिलाफ चालान एवं अन्य विधिक कार्रवाई की गई।

### जोधपुर संभाग में भी सख्ती

जोधपुर कमिश्नरेट में ट्रैफिक पुलिस ने विशेष नाकेबंदी कर 184 वाहनों पर कार्रवाई की, जिनमें 107 मामले काली फिल्म से संबंधित थे। जोधपुर पश्चिम में 108 तथा जोधपुर पूर्व में 39 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

जोधपुर संभाग में जैसलमेर जिला सबसे आगे रहा, जहां 95 काली फिल्म के मामलों सहित कुल 140 वाहनों पर कार्रवाई हुई। इसके अलावा जोधपुर ग्रामीण में 151, बाड़मेर में 108, फलोदी में 92, बालोतरा में 96 तथा जालोर में 58 वाहनों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई।

डॉ. बी.एल. मीणा ने कहा कि वाहनों पर अनाधिकृत रूप से पद, जाति, संस्था अथवा अन्य प्रभाव दशार्ने वाले शब्द लिखना, अवैध हूटर एवं फ्लैशर का उपयोग करना तथा काली फिल्म लगाकर वाहन चलाना कानून का उल्लंघन है। राजस्थान पुलिस का यह अभियान आगे भी और अधिक सख्ती के साथ जारी रहेगा तथा यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक, जलभराव एवं आपदा प्रबंधन पर दिए सख्त निर्देश




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** आगामी मानसून सत्र को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में संभावित अतिवृष्टि, जलभराव एवं बाढ़ जैसी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने पिछले वर्ष वर्षा के दौरान जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में किए गए सुधारात्मक कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बार आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जल निकासी तंत्र, नालों, फीडर चैनलों एवं जल प्रवाह मार्गों की शीघ्र सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि वर्षा जल का सुचारू प्रवाह बना रहे।

बैठक में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने नावों, पम्प सेट, रस्सियों, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने जिला एवं उपखंड स्तर पर नियंत्रण कक्षों को सक्रिय रखने तथा सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाइयों, मोबाइल मेडिकल टीमों एवं जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। वहीं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति एवं जल स्त्रोतों के क्लोरीनेशन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। नगर निगम एवं स्थानीय निकायों को नालों की सफाई, सड़कों की मरम्मत तथा जलभराव वाले क्षेत्रों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा, मुख्य सचिव ने दिए आवश्यक निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सोमवार को वर्चुअल समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारियों ने भाग लेते हुए तैयारियों की प्रगति की जानकारी साझा की। सलूंबर जिले से जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी., अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सपेला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश चंद्र पाटीदार, आयुष विभाग के डॉ. जितेन्द्र जोशी सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बताया कि इस वर्ष 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ह्ययोगा फॉर हेल्दी एजिंगह्व थीम पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि 21 जून को प्रातः 6 बजे से जिले एवं उपखंड स्तर पर योग दिवस कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ सुनिश्चित किया जाए तथा सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने जिलों से योग दिवस आयोजन की कार्ययोजना एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की। बैठक के बाद जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि योग दिवस कार्यक्रम को व्यापक, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से आयोजित किया जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थलों पर पार्किंग, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



बैठक में आगामी नीट यूजी परीक्षा की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक एवं अफवाहपूर्ण सूचनाओं पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि योग दिवस एवं परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से पूर्ण किया जाए, ताकि आयोजन एवं परीक्षा दोनों का सफल संचालन सुनिश्चित हो सके।

## ठाणे क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई: लूट और बस यात्रियों से चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, 52 लाख से अधिक का माल बरामद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**ठाणे।** ठाणे पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में लगातार बढ़ रही लूट एवं बस यात्रियों की कीमती वस्तुओं की चोरी की घटनाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच यूनिट-1 ने एक शातिर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 52 लाख 34 हजार 100 रुपये मूल्य के 32 तोला सोने के आभूषण, पांच मोटरसाइकिल, एक देशी आग्नेयास्त्र, एक जिंदा कारतूस एवं एक धारदार चाकू बरामद किया है। कार्रवाई के दौरान ठाणे, मुंबई, नवी मुंबई और पुणे क्षेत्र के कुल 24 अपराधों का खुलासा हुआ है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में सऊद सिराज खान उर्फ सऊद काल्या (25) निवासी कौसा, मुंब्रा, ठाणे तथा स्वप्नील हरीश माधवानी उर्फ बाबू खरखटया (20) निवासी कळवा, ठाणे शामिल हैं। दोनों आरोपी लूट एवं चोरी की वारदातों में सक्रिय थे। वहीं बस यात्राओं के दौरान यात्रियों के आभूषण और कीमती सामान चोरी करने वाली महिला आरोपी संगीता दशरथ पीठकर (45) और सुरेखा बजरंग गायकवाड़ (47) को भी गिरफ्तार किया गया है।






क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया कि आरोपी सऊद सिराज खान के खिलाफ पहले भी कई गंभीर अपराध दर्ज हैं तथा उसके विरुद्ध महाराष्ट्र प्रिवेंशन ऑफ डेंजरस एक्टिविटीज (एमपीडीए) के तहत कार्रवाई की जा चुकी थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ न्यायालय द्वारा उद्घोषणा आदेश भी जारी किया गया था। क्राइम ब्रांच ने उसे गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस जांच में आरोपियों से जुड़े ठाणे, कळवा, मुंब्रा, नौपाड़ा, चितळसर, नारपोली, रबाले, उरण, ठाणे नगर, तुर्भे, टिळकनगर, वडगांव मावळ सहित विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज कुल 24 मामलों का खुलासा हुआ है। इनमें लूट, चोरी, जबरी चोरी, यात्रियों के सामान की चोरी एवं अन्य गंभीर अपराध शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बरामद 32 तोला सोने के आभूषणों के अलावा पांच मोटरसाइकिल, एक आग्नेयास्त्र, एक जिंदा कारतूस तथा एक धारदार हथियार भी जब्त किया है। पुलिस का मानना है कि पूछताछ में और भी कई मामलों का खुलासा हो सकता है।

क्राइम ब्रांच अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है तथा अन्य मामलों में उनकी संलिप्तता की जांच जारी है। पुलिस ने नागरिकों से संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

## प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष मार्गदर्शन अभियान चलाएगा विप्र फाउंडेशन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** विप्र फाउंडेशन के शिक्षा, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ठ की बैठक रविवार को माली कॉलोनी स्थित महर्षि गौतम अकादमी में आयोजित हुई। बैठक में विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई।

बैठक में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, अनुशासन एवं निरंतर अध्ययन को सफलता की कुंजी बताते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सुनियोजित रणनीति अपनाने का आह्वान किया। साथ ही तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी भी दी गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एच.आर. दवे ने बताया कि फाउंडेशन आगामी समय में आरएएस, आरजेएस, आईएएस सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष मार्गदर्शन सेमिनार आयोजित करेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सही दिशा और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना संगठन की प्राथमिकता है।



उन्होंने बताया कि जुलाई माह में विशेष सेमिनार एवं टॉपर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रशासनिक, पुलिस, न्यायिक एवं अन्य प्रतिष्ठित सेवाओं में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर सफल अधिकारी एवं अभ्यर्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को निःशुल्क मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि विद्यार्थियों के कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल एवं कंप्यूटर आधारित सर्टिफिकेट कोर्स उपलब्ध कराने हेतु एक संस्थान के साथ समझौता किया गया है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को रियायती शुल्क पर प्रशिक्षण और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, शिक्षाविद, युवा एवं महिला प्रतिनिधियों ने भाग लेते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग और मार्गदर्शन देने का संकल्प लिया।

## जिला कलेक्टर ने सेटेलाइट अस्पताल हिरण मगरी का किया औचक निरीक्षण

**उदयपुर।** जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने सोमवार को खेमराज कटारा राजकीय सेटेलाइट अस्पताल, हिरण मगरी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों, ओपीडी, आपातकालीन कक्ष, दवा वितरण केंद्र सहित अस्पताल की अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया तथा मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर उपचार और सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। जिला कलेक्टर ने अस्पताल प्रशासन को मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थिति पंजिका एवं बायोमेट्रिक अटेंडेंस व्यवस्था की जांच करते हुए कार्मिकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही चिकित्सकों एवं स्टाफ की उपलब्धता की समीक्षा कर आवश्यकता अनुसार व्यवस्थाएं मजबूत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने अस्पताल के विस्तार की संभावनाओं एवं भविष्य की आवश्यकताओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।



## खबर संक्षेप

### सांसद ने किया स्वदेशी उद्योग एवं व्यापार मेला के पोस्टर का विमोचन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने सोमवार को कृषि महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वदेशी उद्योग एवं व्यापार मेला-2026 के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर विकसित भारत संवाद कार्यक्रम के तहत उद्योग जगत एवं होटल व्यवसाय से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते हुए विकसित वृहद मेवाड़, विकसित भारत का द्वार की परिकल्पना प्रस्तुत की। सांसद डॉ. रावत ने कहा कि मेवाड़ क्षेत्र में औद्योगिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने तथा स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 2 से 5 अक्टूबर 2026 तक स्वदेशी उद्योग एवं व्यापार मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए मनोज जोशी को संयोजक मनोनीत किया। कार्यक्रम में मेला संयोजक मनोज जोशी ने आयोजन की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज महला ने आयोजन के प्रायोजक बनने की सहमति प्रदान की है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में नवाचारों और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय उद्यमियों को अधिकाधिक सहभागिता का आह्वान किया।



कार्यक्रम के दौरान मेले के पोस्टर का सामूहिक विमोचन किया गया। इस अवसर पर उद्योग, व्यापार एवं होटल व्यवसाय से जुड़े अनेक उद्यमी और व्यवसायी उपस्थित रहे तथा मेले को क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया।

#### अजमेर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### 900 किलोमीटर पीछा कर अंतरराज्यीय महिला चोर गिरफ्तार

**अजमेर @ पदमावत मीडिया।** अजमेर पुलिस ने ज्वेलरी शोरूम में हुई चोरी की वारदात का पदार्फाश करते हुए अंतरराज्यीय महिला चोर को गिरफ्तार कर चोरी की गई करीब 5 लाख रुपये मूल्य की दो सोने की चेन बरामद की हैं। पुलिस ने चार दिन तक लगातार पीछा करते हुए और 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार 30 मई को अजमेर के नया बाजार स्थित एक ज्वेलरी शोरूम में ग्राहक बनकर पहुंचे तीन बदमाशों ने दुकानदार एवं कर्मचारियों का ध्यान भटकाकर दो सोने की चेन चोरी कर ली थीं। घटना के बाद पुलिस ने विशेष टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपियों की पहचान की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने करीब 900 किलोमीटर तक पीछा करते हुए मध्यप्रदेश के ग्वालियर में चार दिन तक गुप्त निगरानी रखी। इस दौरान एक पुलिसकर्मी ने फेरीवाले का भेष धारण कर आरोपी की गतिविधियों पर नजर बनाए रखी। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने 50 वर्षीय मनोरमा राजौरिया उर्फ कंचन को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई दोनों सोने की चेन बरामद कर ली गईं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी एक अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़ी हुई है, जो विभिन्न शहरों में ग्राहक बनकर ज्वेलरी दुकानों को निशाना बनाता है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है तथा मामले में आगे की जांच जारी है।



### डाइट डूंगरपुर के अधिकारियों ने किया डाइट उदयपुर का अवलोकन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** डाइट की वार्षिक कार्य योजना 2026-27 के तहत आयोजित अंतरजिला डाइट अवलोकन कार्यक्रम के अंतर्गत डाइट डूंगरपुर के अधिकारियों के दल ने प्रधानाचार्य लक्ष्मीकांत चौबीसा के नेतृत्व में डाइट उदयपुर का दौरा किया। डाइट उदयपुर की प्रिंसिपल शीला काहाल्या ने बताया कि दल को संस्थान के विभिन्न प्रभागों की गतिविधियों, नवाचारों एवं शैक्षणिक कार्यों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने डीएलएड कक्षाओं का अवलोकन कर विद्यार्थियों से संवाद किया तथा शिक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्मार्ट बोर्ड के उपयोग की जानकारी ली। दल ने पुस्तकालय, शैक्षिक प्रौद्योगिकी, सेवा पूर्व एवं सेवारत प्रशिक्षण, कायार्नुभव प्रभाग तथा विभिन्न प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया। डाइट उदयपुर द्वारा किए जा रहे मीडिया प्रलेखन, व्यावसायिक लैब, 21वीं सदी के कौशल विकास गतिविधियों एवं स्वच्छ परिसर की सराहना की गई।

# खबर संक्षेप

## कमांडर ब्रजेश कुमार मिश्रा ने संभाला 1 राज नेवल यूनिट एनसीसी का कार्यभार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** 1 राज नेवल यूनिट एनसीसी में प्रशासनिक बदलाव के तहत कमांडर शकील अहमद का




स्थानांतरण कोच्चि स्थित भारतीय नौसेना की हाइड्रोग्राफिक सर्वे यूनिट में हो गया है। उनके स्थान पर भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी कमांडर ब्रजेश कुमार मिश्रा ने यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर के रूप में पदभार ग्रहण किया है। कमांडर ब्रजेश कुमार मिश्रा बिहार के गोपालगंज जिले के निवासी हैं तथा भारतीय नौसेना अकादमी, एझिमाला के पूर्व छात्र रहे हैं। वर्ष 2012 में भारतीय नौसेना में कमीशन प्राप्त करने के बाद उन्होंने नौसेना के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी हैं। गनरी विशेषज्ञ के रूप में उन्होंने आईएनएस कोरा एवं आईएनएस त्रिशूल जैसे युद्धपोतों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। पदभार ग्रहण करने से पूर्व वे कोच्चि स्थित मैरीटाइम ऑपरेशन सेंटर में ऑफिसर-इन-चार्ज के रूप में कार्यरत थे। पदभार ग्रहण करने के बाद कमांडर ब्रजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि उनका उद्देश्य एनसीसी कैडेटों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, चरित्र निर्माण एवं राष्ट्रसेवा की भावना को और अधिक मजबूत करना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यूनिट के कैडेट भविष्य में भारतीय सशस्त्र सेनाओं एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर यूनिट के अधिकारियों, स्टाफ एवं कैडेटों ने कमांडर शकील अहमद के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं तथा कमांडर ब्रजेश कुमार मिश्रा का स्वागत किया। यूनिट को उम्मीद है कि उनके अनुभव का लाभ कैडेटों को बेहतर नौसैनिक प्रशिक्षण एवं नेतृत्व विकास के रूप में मिलेगा।

## जिला कलेक्टर ने बजट घोषणाओं एवं फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में



सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में बजट घोषणाओं, फ्लैगशिप योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों एवं लंबित मामलों के निस्तारण पर भी चर्चा हुई। जिला कलेक्टर ने आदर्श ग्राम योजना, जीएसएस सुहागपुरा बंबोरी तथा वेस्ट टू वेल्थ पार्क सहित विभिन्न बजट घोषणाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचना चाहिए। बैठक में हरियालो राजस्थान अभियान की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने विभागों से लक्ष्य के अनुरूप किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए अभियान को सफल बनाने के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों को विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## वित्तीय साक्षरता केंद्र ने लगाया जागरूकता एवं लिंकेज कैंप

**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** मनी वाइज वित्तीय साक्षरता केंद्र ने क्रिसिल फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम बड़ोदिया में वित्तीय साक्षरता एवं लिंकेज कैंप आयोजित किया। कार्यक्रम में 70 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। कैंप में बचत, निवेश, बजट निर्माण, बैंकिंग सेवाओं, बीमा योजनाओं, अटल पेंशन योजना तथा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही समय पर ऋण भुगतान एवं सुरक्षित वित्तीय प्रबंधन के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस दौरान साइबर जागरूकता सत्र आयोजित कर ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल और ओटीपी साझा नहीं करने सहित सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के बारे में जानकारी दी गई। कैंप में 50 से अधिक लोगों के विभिन्न बीमा योजनाओं में आवेदन भी किए गए।

# गौसेवा का महायज्ञ: ईडाणा माताजी गौशाला में 11वें छप्पन भोग महोत्सव ने रचा श्रद्धा, सेवा और संस्कृति का अनुपम संगम

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर/सलूम्बर।** पुरुषोत्तम मास के पुण्य अवसर पर गौभक्ति, सेवा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का अद्भुत दृश्य उस समय देखने को मिला, जब गुरु कमल चंद्र रोशन गौ सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित 108 गौशालाओं में छप्पन भोग अर्पण महाअभियान के तहत 11वां भव्य छप्पन भोग महोत्सव श्री ईडाणा माताजी गौशाला में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में उमड़े गौभक्तों, महिला शक्ति और समाजजनों की सहभागिता ने यह साबित कर दिया कि गौसेवा आज भी भारतीय समाज की आस्था और संस्कृति का केंद्र बिंदु बनी हुई है।

गौमाता के प्रति समर्पण और सेवा भावना को समर्पित इस महोत्सव में पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। वैदिक मंत्रोच्चार, गौपूजन, भक्ति भाव और सेवा के संकल्प के बीच गौभक्तों ने गौमाता के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त किया बल्कि समाज में जीव-दया, करुणा और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश भी दिया।

ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष स्वीटी जैन ने बताया कि 108



गौशालाओं में छप्पन भोग अर्पित करने का यह महाअभियान निरंतर जनसमर्थन प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं बल्कि गौसंरक्षण, संस्कार निर्माण और समाज को सेवा के प्रति प्रेरित करने का एक व्यापक जनअभियान बन चुका है। प्रत्येक आयोजन के साथ लोगों का उत्साह और सहभागिता लगातार बढ़ रही है।

ईडाणा माता गौ सेवा संचालन समिति के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में गौशाला अध्यक्ष मोहन सुथार, मंत्री हीरालाल पटेल, कोषाध्यक्ष रमेश नागदा, मंदिर सचिव अंबालाल शर्मा, गौशाला प्रबंधक गंगाधर पांडे एवं गौसेवक लोकेश चौधरी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने गौमाता को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताते हुए गौसंरक्षण के लिए समाज को आगे आने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष मुकेश जैन, संस्थापक संजय जैन एवं घीसूलाल जारौली सहित ट्रस्ट पदाधिकारियों ने गौमाता का विधिवत पूजन कर वस्त्र अर्पित किए। इसके पश्चात गौशाला में संरक्षित लगभग 200 गौमाताओं को छप्पन भोग अर्पित किया गया। गौमाताओं को भोग अर्पण के इस दृश्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

करीब 100 से अधिक गौभक्तों एवं समाजजनों की उपस्थिति में संपन्न हुए इस आयोजन में गौसेवा को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह रही कि गौशाला मंत्री हीरालाल पटेल ने आगामी नवरात्रि महोत्सव में प्रेरणा माता गौशाला तथा गोवर्धन पूजा के अवसर पर भी गौमाताओं को छप्पन भोग अर्पित करने की घोषणा की, जिसका उपस्थित जनसमूह ने जोरदार स्वागत किया।

कार्यक्रम के ब्रांड एम्बेसडर एवं राजस्थान गौरव सम्मान से सम्मानित डॉ. जिनेंद्र शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि गौसेवा केवल धार्मिक परंपरा नहीं बल्कि भारतीय जीवन दर्शन का आधार है। उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा के माध्यम से समाज में संवेदनशीलता, करुणा और संस्कारों का संरक्षण होता है। ऐसे अभियान उदयपुर को केवल धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी नई पहचान प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर ट्रस्ट की महासचिव सीमा जैन, हेमंत गर्ग, लता औदिच्य, अनीता वैष्णव, मीना लोहार, डिंपल लोहार, गोपालजी, राजू चारण, गोपाल चारण, दिलीप, अमित, तनिष्क, दक्ष जैन, विशाल प्रजापत सहित बड़ी संख्या में गौभक्त उपस्थित रहे और गौसेवा के इस महायज्ञ में अपनी सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के अंत में सभी सहयोगियों, महिला शक्ति, गौभक्तों और समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए गौसंरक्षण, जीव-दया, करुणा, संस्कार और लोककल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। ईडाणा माताजी गौशाला में आयोजित यह छप्पन भोग महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और संस्कृति के संरक्षण का प्रेरणादायी उत्सव बनकर समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर गया।

# जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर सख्त, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वीसी कक्ष में सोमवार को जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी. की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों तथा जनहित से जुड़े मुद्दों की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त एवं आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का आकलन करते हुए ह्वेस्ट टू वेल्थ पार्कह्व के विकास कार्यों को पंच गौरव अवधारणा के अनुरूप गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विभागीय लापरवाही से जिले की छवि प्रभावित हो रही है। उन्होंने शीघ्र डामर की उपलब्धता सुनिश्चित कर सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ.




दिनेश राय सपेला को निर्देशित किया कि सभी उपखंड अधिकारियों से सड़कों का विस्तृत सर्वे करवाकर रिपोर्ट प्राप्त की जाए तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को अपने मोबाइल फोन सदैव चालू रखने और आमजन की शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित एवं संतोषजनक प्रतिक्रिया देने के निर्देश भी दिए।

बैठक में ग्रामीण विकास विभाग को सलूंबर विधानसभा क्षेत्र के लिए विधायक जनसुनवाई केंद्र का प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने को कहा गया। वहीं जल संसाधन विभाग को मानसून पूर्व सभी आवश्यक मरम्मत कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सलूंबर के सोनार माता क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं वन विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य प्रारंभ करने को कहा गया। संपर्क पोर्टल की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी विभागों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सपेला ने कहा कि किसी भी शिकायत का निस्तारण करने से पूर्व शिकायतकर्ता से संवाद कर समाधान की पुष्टि अवश्य की जाए। बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करने और उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों को निरंतर गति देने तथा बजरी की कमी के कारण किसी भी विकास कार्य को प्रभावित नहीं होने देने पर जोर दिया। साथ ही अधिकारियों को स्थानीय स्तर पर समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला कलेक्टर ने आकांक्षी एवं गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजनाओं की समीक्षा की

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में सोमवार को भीम एवं कुंभलगढ़ ब्लॉकों में संचालित आकांक्षी विकास कार्यक्रमों की प्रगति समीक्षा




बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता, बैंकिंग सुविधाओं एवं सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न संकेतकों की उपलब्धियों का मूल्यांकन किया गया। जिला कलेक्टर हसीजा ने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहे। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित संकेतकों में सुधार लाने तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य सेवाएं, संस्थागत प्रसव, टीबी उपचार, कुपोषण, आंगनबाड़ी सेवाएं, छात्र-शिक्षक अनुपात, बालिकाओं के लिए शौचालय सुविधा, पेयजल कनेक्शन, ओडीएफ प्लस गांव, भारतनेट कनेक्टिविटी एवं बैंकिंग सुविधाओं की समीक्षा की गई। साथ ही स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध कराए जा रहे रिवॉल्विंग फंड की प्रगति पर भी चर्चा हुई। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समन्वित प्रयास करने तथा विकास कार्यों में आने वाली चुनौतियों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## डायल-112 की तत्परता से सड़क हादसे में घायल तीन लोगों को मिला समय पर उपचार

**नीमच @ पदमावत मीडिया।** थाना जावद क्षेत्र में डायल-112 जवानों की त्वरित कार्रवाई से सड़क दुर्घटना



में घायल दो महिलाओं एवं एक पुरुष को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उपचार उपलब्ध कराया गया। समय रहते चिकित्सकीय सहायता मिलने से घायलों को राहत मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार नानपुरिया रोड पर दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल-112 वाहन तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंची डायल-112 टीम ने स्थिति का जायजा लेकर घायलों को सुरक्षित वाहन में बैठाया और शासकीय चिकित्सालय, जावद पहुंचाया, जहां उनका उपचार शुरू कराया गया। पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया और संवेदनशील कार्यवाही से घायलों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सकी। डायल-112 सेवा आपातकालीन परिस्थितियों में आमजन को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने और जीवन रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है।

## 12 साल विश्वास, विकास और जनकल्याण अभियान के तहत जिलेभर में होंगे विविध कार्यक्रम

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 5 जून से 21 जून तक 12 साल विश्वास के, विकास के एवं जनकल्याण के अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के सफल संचालन को लेकर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने सोमवार को वर्चुअल बैठक लेकर जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अभियान के तहत 9 जून को संध्या आरती एवं संध्या चौपाल, 10 जून को नारी चौपाल-नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित होंगे। 11 व 12 जून को प्रभारी मंत्री एवं प्रभारी सचिव द्वारा समीक्षा बैठक और मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 12 से 14 जून तक जनकल्याण शिविर, योजनाओं की प्रदर्शनी तथा प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं का आयोजन होगा। 15 जून से 21 जून तक प्रतिदिन योग कार्यशालाएं, जनकल्याण शिविर एवं विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# नशे के खिलाफ राजस्थान पुलिस की लक्ष्मण रेखा: 5,410 लोगों ने लिया नशामुक्त राजस्थान का संकल्प

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) द्वारा राज्य को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी अभियान प्रोजेक्ट लक्ष्मण रेखा के तृतीय चरण का सोमवार को प्रदेशभर में व्यापक आयोजन किया गया। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन एवं एएनटीएफ के महानिरीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में पुलिस, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए नशे के विरुद्ध एकजुटता का संदेश दिया। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि नशे के विरुद्ध लड़ाई केवल कानून लागू करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए सामाजिक जागरूकता और जनभागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। इसी उद्देश्य से राजस्थान पुलिस एक ओर नशा तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर रही है, वहीं दूसरी ओर युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त राजस्थान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पुलिस, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और आमजन का सामूहिक सहयोग जरूरी है।

### स्कूल-कॉलेजों में चले जागरूकता कार्यक्रम

प्रोजेक्ट लक्ष्मण रेखा के तृतीय चरण के तहत प्रदेशभर के स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों एवं अन्य शैक्षणिक परिसरों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव, सामाजिक एवं पारिवारिक नुकसान तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी गई। पोस्टर प्रदर्शन, व्याख्यान, संवाद सत्र, नुक्कड़ नाटक और शपथ ग्रहण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को जागरूक किया गया।

महानिरीक्षक पुलिस एएनटीएफ विकास कुमार ने बताया कि राजस्थान पुलिस केवल मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को नशे से दूर रखने और समाज में जागरूकता पैदा करने के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। इसी सोच के तहत नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं गैर-सरकारी संस्थाओं को भी अभियान से जोड़ा गया है।

### 180 छात्र स्वयंसेवक और 50 शिक्षक बने अभियान के योद्धा

राज्यभर में आयोजित कार्यक्रमों में कुल 5,410 लोगों ने सहभागिता निभाई। इनमें 180 छात्र स्वयंसेवकों और 50 शिक्षक योद्धाओं का चयन किया गया, जो अपने-अपने संस्थानों एवं क्षेत्रों में नशा विरोधी जनजागरूकता अभियान




को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रमों के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आमजन को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

### शैक्षणिक संस्थानों के आसपास बनेगा 500 मीटर का नशामुक्त सुरक्षा घेरा

प्रोजेक्ट लक्ष्मण रेखा के तहत स्कूलों एवं कॉलेजों के आसपास 500 मीटर क्षेत्र को विशेष निगरानी एवं जागरूकता के माध्यम से नशामुक्त क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री, प्रचार-प्रसार एवं सेवन पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों को नशीली गतिविधियों की गोपनीय सूचना देने के लिए शिकायत पेटिकाएं भी स्थापित की जा रही हैं।

### जयपुर में रही सर्वाधिक भागीदारी

अभियान के तहत एएनटीएफ की विभिन्न चौकियों एवं थानों द्वारा स्थानीय पुलिस, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वाधिक सहभागिता जयपुर क्षेत्र में दर्ज की गई, जहां करीब 650 प्रतिभागियों ने भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

### मुक्तिवीरों की कहानी सुन भावुक हुए विद्यार्थी

कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब नशे की गिरफ्त से बाहर निकल चुके मुक्तिवीरों ने अपने संघर्ष और




पुनर्वास की कहानी साझा की। उनके अनुभव सुनकर उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों की आंखें नम हो गईं। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज को किस प्रकार बर्बाद कर देता है तथा इससे बाहर निकलने के लिए कितनी कठिन लड़ाई लड़नी पड़ती है।

### नुक्कड़ नाटक ने दिया सशक्त संदेश

दर्पण कला मंच द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने नशे के कारण बिखरते परिवारों और बर्बाद होते भविष्य की मार्मिक तस्वीर प्रस्तुत की। नाटक के प्रभावशाली मंचन ने उपस्थित युवाओं को गहराई से प्रभावित किया और उन्हें नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने नशा तस्करों एवं अवैध गतिविधियों की जानकारी बिना किसी भय के पुलिस तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सभी प्रतिभागियों ने प्रोजेक्ट लक्ष्मण रेखा को गांव-गांव और ढाणी-ढाणी तक पहुंचाकर

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।